प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 29 /2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 02 मार्च 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने बिहार लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत बिहार राज्य में समस्तीपुर जिले के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने बिहार के समस्तीपुर जिले में जनवरी 2026 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए बिहार लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोगी वातावरणों- संस्थागत हॉटस्पॉट, सेकेट्रीएट एरिया और आवासीय क्षेत्रों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

**20 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 के बीच**, भादूविप्रा की टीमों ने बिहार लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के तहत बिहार राज्य मे समस्तीपुर जिले के आस-पास के इलाकों में **272.2 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 10 हॉटस्पाट और 1.9 किलोमीटर वॉक टेस्ट** करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।

**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले में शहरी मार्गो में समग्र मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन का सारांश नीचे दिया जा रहा है :

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 36.89%, 99.76% और 98.82% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.00%, 10.04%, 0.24% और 1.67% है।

समग्र सिटी ड्राइव टेस्ट के दौरान **5G** डाटा सर्विस में अधिकतम औसतन डाउनलोड स्पीड 158.64 Mbps और अधिकतम औसतन अपलोड स्पीड 21.39 Mbps मापी गई ।


ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **वॉयस टेस्टिंग** में सिटी ड्राइव रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 3.42%, 51.32%, 2.20% और 7.10% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई। इसी अवधि में **डाटा टेस्टिंग** में सिटी ड्राइव रुट पर एयरटेल, बीएसएनएल वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्गो के क्रमशः 16.52%, 37.25%, 13.10% और 11.92% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।**


समस्तीपुर में नेटवर्क के मूल्यांकन में मुसरीघरारी, सराइरंजन, पटोरी, मोहिउद्दीनगर, साहित, दलसिंहसराई, सतनपुर, बरबत्ता, ताजपुर, पूसा, सैदपुर, कल्याणपुर, बसुदेओपुर, सतमालपुर, खानपुर, बल्लीपुर, सिंघिया आईआई, लग्मा, देओधा, रोसेरा, बेलसनदी तारा और मोहनपुर जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने **स्टैटिक टेस्टिंग माध्यम से** (i) दलसिंह सराय रेलवे स्टेशन; (ii) जिला न्यायालय, समस्तीपुर; (iii) राजकीय बस स्टैंड उत्तरायण समस्तीपुर; (iv) राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) समस्तीपुर; (v) सरकारी आईटीआई समस्तीपुर मोरदेवा; (vi) प्रधान डाकघर, सकरा बाजार, उत्तरायण समस्तीपुर; (vii) उपमंडल सिविल न्यायालय दलसिंहसराय; (viii) उप-मंडल अस्पताल, रोसड़ा साहियार, डीह; (ix) यूआर कॉलेज जराही खैरा; (x) वी2 मॉल 08 ताजपुर रोड प्रोफेसर कॉलोनी काशीपुर समस्तीपुर में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया और **वाक टेस्ट** के माध्यम से (i) डा राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा; (ii) समस्तीपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टेस्ट किए.

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन का सारांश**

सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (%में),एमओएस : मीन ओपिनियन स्कोर ।




**सारांश - वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 36.89%, 99.76% और 98.82% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.70, 4.77, 0.65 और 1.01 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 10.04%, 0.24% और 1.67% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.34%, 1.89%, 0.00% और 4.56% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.98, 2.78, 4.52 और 4.58 हैं।

**सारांश - डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 101.10 Mbps,, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 12.13 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की158.64 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 27.24 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 21.39 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 4.18 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 18.55 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 11.98 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 59.13 ms, 52.56 ms, 32.38 ms, और 43.24 ms है।

**डाटा निष्पादन- हौट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 45.48 | 4G U/L: 9.88 |
| | 5G D/L: 111.62 | 5G U/L: 28.97 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 7.78 | 4G U/L: 7.32 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 42.42 | 4G U/L: 7.77 |
| | 5G D/L: 131.06 | 5G U/L: 16.51 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 21.01 | 4G U/L: 11.03 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझााए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता) भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या टेलीफोन नं*+91-33-22361401* पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक

(कौशिक मुखर्जी)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., कोलकाता